हर नबी का एक हवारी (निष्ठावान सहायक) होता है और मेरा हवारी ज़ुबैर है।

जाबिर -रज़ियल्लाहु अन्हुमा- से रिवायत है, वह कहते हैं कि नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने अहज़ाब युद्ध के दिन फरमायाः "मेरे पास दुश्मन की ख़बर कौन लाएगा?" ज़ुबैर - रज़ियल्लाहु अन्हु- ने कहाः मैं लाऊँगा। आपने फिर फ़रमायाः "मेरे पास दुश्मन की ख़बर कौन लाएगा?" ज़ुबैर -रज़ियल्लाहु अन्हु- ने फिर कहा कि मैं लाऊँगा। तब अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने फरमायाः "हर नबी का एक हवारी (निष्ठावान सहायक) होता है और मेरा हवारी ज़ुबैर है।"
[सह़ीह़] [इसे बुख़ारी एवं मुस्लिम ने रिवायत किया है।]

http://www.sunnah.global/hadeeth/hi/show/11192